हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 किसान सेवा सप्ताह के तहत मंडी में हुआ...



07 पुलिस ने पानी की टंकी पर चढ़ी महिला को सकुशल...



## खबर संक्षेप

### दो माह बाद सड़क निर्माण शुरू हुआ

**विदिशा।** तिलकचौक से नीमताल तक पानी की पाइपलाइन डालने के कारण मुख्य सड़क दो माह से खुदी पड़ी थी, जिससे धूल-मिट्टी के चलते व्यापारियों का माल खराब हो रहा था और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही थीं। समस्या से परेशान व्यापारियों ने राजेश जैन के नेतृत्व में चक्काजाम और धरने की चेतावनी दी। इसके बाद नगर पालिका के सीएमओ और अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने एक दिन में समाधान का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद सड़क के गड्ढे भरने और समतलीकरण का कार्य शुरू हुआ। व्यापारियों ने राहत मिलने पर आभार व्यक्त किया।

### प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथियों में 15 दिन बढ़े

**विदिशा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित भारत जीरामजी अधिनियम 2025 के प्रचार हेतु आयोजित प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथियों में 15 दिन की वृद्धि की गई है। अब लोगो डिजाइन प्रतियोगिता 4 अप्रैल, राष्ट्रीय रील,वीडियो चैलेंज 5 अप्रैल तथा क्विज प्रतियोगिता 7 अप्रैल तक आयोजित होगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों व नागरिकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण विकास, रोजगार और आजीविका से जुड़े विचारों को मंच मिलेगा। प्रदेश सरकार ने युवाओं से सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

### विद्या आरंभ सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन

**ग्यारसपुर।** अटारीखेजड़ा की आंगनवाड़ी में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा विद्या आरंभ सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र में दर्ज 5 वर्ष एवं 6 वर्ष के तक के बच्चों को आंगनबाड़ी में अनौपचारिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद सहज रूप से औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्राथमिक शाला में प्रवेश हेतु स्थानांतरण किया गया इस उपलक्ष्य में प्राथमिक शाला की शिक्षिका सेक्टर सुपरवाइजर दुर्गेश जादौन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निशा खरे पुष्पा सेन अभिषेक श्रीवास्तव, नवीन मिश्रा, रामसेवक और कृष्णा बाई उपस्थिति रही।

### दासखजुरी में एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ

**नटेरन।** शासकीय महाविद्यालय नटेरन द्वारा ग्राम दासखजुरी के पंचायत भवन में 7 दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बी.डी. खरबार ने की, जिन्होंने मैं नहीं हम के मूल मंत्र का महत्व बताया। मुख्य अतिथि समाजसेवी राजकुमार रघुवंशी ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। संयोजक देव आशीष शाक्य ने कहा कि विकास की धारा गांवों से गुजरती है। डॉ. शैलेंद्र भावसार ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं की प्रेरणा बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ, ग्रामवासी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### ग्यारसपुर में भव्य चुनरी यात्रा निकली

**ग्यारसपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर छापर मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दरवाजे वाली माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से चुनरी अर्पित की। खजिया बाग व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### बाल चौपाल में प्रमाण पत्र वितरण किए गए

**विदिशा।** सेक्टर ठर्र के ग्राम सन कुआंखेड़ी, भैरोखेड़ी व धतुरिया में बाल चौपाल के तहत विद्यारंभ, प्रवेश उत्सव व ग्रेजुएशन समारोह आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं ने संगीत के साथ बच्चों का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा प्रमाण पत्र वितरित किए।

---

### क्षतिग्रस्त मकान के पुनर्निर्माण के लिए कांग्रेसियों ने आमजन से की अपील

# पुलिस ने निकाला घर तोड़ने वालों का जुलूस कांग्रेसियों ने 8443 रु. की राशि जुटाकर सौंपी

**भू-माफिया और शहर में बढ़ती गुंडागर्दी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विवेकानंद चौराह पर दबंगों द्वारा एक मकान को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में पीड़ित परिवार की मदद के लिए कांग्रेसी आगे आए।

नगर कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य बाजार में जनसहयोग अभियान चलाकर 8443 रुपए की राशि एकत्रित की, जिसे पीड़ित परिवार के मुखिया धीरेन्द्र चिड़ार को सौंपा गया। खनिज विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी धीरेन्द्र चिड़ार का मकान, जिसमें वह पिछले 30 वर्षों से परिवार सहित रह रहे थे, कुछ बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माधवगंज चौराहे से तिलक चौक तक रैली निकालकर व्यापारियों और आमजन से आर्थिक सहयोग की अपील की। इस दौरान कार्यकर्ता भू-माफिया और शहर में बढ़ती गुंडागर्दी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चले। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी और नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।



विदिशा। कांग्रेसियों ने बाजार में दुकानों पर पहुंचकर एकत्रित की राशि।

उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय के समीप इतनी बड़ी घटना का होना गंभीर लापरवाही दर्शाता है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई और पीड़ित परिवार को सुरक्षा व आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि आवश्यकता पड़ने पर कांग्रेस स्वयं मकान का पुनर्निर्माण कराएगी। इस अवसर पर विनीत दांगी, रवि साहू, सुशील शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित शहरवासी मौजूद रहे। कांग्रेस ने सहयोग करने वाले व्यापारियों और आमजन का आभार व्यक्त किया।



विदिशा। मकान तोड़ने वाले चार आरोपियों का पुलिस ने जुलूस निकाला।

### आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

धीरेंद्र चिड़ार का घर तोड़ने वाले आरोपियों का गिरफ्तार कर मंगलवार को पुलिस ने उनका जुलूस निकाला। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़ित के घर से मुख्य चौराहे तक पैदल जुलूस निकाला। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने कहा कि जांच जारी है।

---

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक कांग्रेस का ज्ञापन सेवा सुरक्षा की उठाई मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के विरोध में जिले में शिक्षकों ने आवाज बुलंद की। जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक कांग्रेस की टीम ने मुख्यमंत्री के नाम 3 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार अजय पाठक को सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख मांग रखी गई कि ऐसे शिक्षक जिनकी नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व हुई है, उन्हें टीईटी पात्रता से छूट प्रदान की जाए। संगठन ने संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत समानता के अधिकार का हवाला देते हुए कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर नई पात्रता परीक्षा थोपना प्राकृतिक न्याय एवं सेवा सुरक्षा के सिद्धांतों के विरुद्ध है।

### अंतिम वर्षों में परीक्षा लेना अन्यायपूर्ण है

शिक्षक कांग्रेस ने बताया कि प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख ऐसे शिक्षक हैं, जिनकी 20 से 25 वर्ष की सेवा हो चुकी है। ऐसे अनुभवी शिक्षकों के लिए सेवा के अंतिम वर्षों में टीईटी अनिवार्य करना अन्यायपूर्ण है। संगठन का कहना है कि टीईटी का उद्देश्य नई नियुक्तियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना है, न कि वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को सेवा से वंचित करना। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर विचार नहीं हुआ तो संगठन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को बाध्य होगा।

---

# जमीन पर कब्जे और मारपीट से प्रताड़ित परिवार ने कलेक्ट्रेट के बाहर दिया धरना, देर रात तक बैठे रहे

### चार घंटे चला धरना अधिकारियों के आश्वासन के बाद खत्म किया

- कलेक्टर के निर्देश पर पीड़ितों की समस्या सुनने मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शमशाबाद तहसील के ग्राम रगरू में एक परिवार ने जमीन पर कब्जे और मारपीट के आरोपों को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया। सोमवार को यह परिवार अधिकारियों से मुलाकात न होने पर देर रात तक सड़क पर बैठा रहा।

शमशाबाद के रगरू गांव निवासी लालाराम जाटव अपने परिवार के साथ कलेक्टर और एसपी से मिलने पहुंचे थे। हालांकि, कार्यालय समय समाप्त होने के कारण वे दोनों अधिकारियों से मुलाकात नहीं कर सके। इसके बाद परिवार के महिला, पुरुष और बच्चों सहित सभी सदस्य कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर बैठ गए और न्याय की मांग करने लगे। वे रात करीब 10:30 बजे तक धरना स्थल पर मौजूद रहे।

### पट्टे की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोग उनकी पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। इस संबंध में उन्होंने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को मौके पर भेजा। वहीं, एसपी के निर्देश पर सीएसपी अतुल सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा की और उन्हें उचित कार्रवाई



का भरोसा दिलाया। शमशाबाद एसडीएम और टीआई द्वारा भी मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे तक चला यह धरना समाप्त हुआ और परिवार के सदस्य शमशाबाद के लिए रवाना हो गए।

### जनसुनवाई में 124 आवेदन प्राप्त, 74 का मौके पर निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 124 आवेदनों के माध्यम से नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं प्रस्तुत कीं। इनमें से 74 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर संबंधित आवेदकों को राहत प्रदान की गई। शेष लंबित आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही निराकरण की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के लिए भी कहा गया है। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी एवं एसडीएम क्षितिज शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित रहकर आवेदकों की समस्याएं सुनीं।

# मेडिकल कॉलेज की समस्याओं को लेकर विधायक मुकेश टंडन ने उठाई आवाज

### उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए सुपर-स्पेशियलिटी सहित कई अहम प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंत्रालय भोपाल में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की सामान्य सभा समिति की तृतीय बैठक में क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन ने मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल की प्रमुख समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया।

बैठक की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) द्वारा की गई, जिसमें विधायक ने लिखित रूप में आवश्यक मांगें प्रस्तुत कर शीघ्र समाधान का आग्रह किया। श्री टंडन ने कॉलेज को "आदर्श मॉडल मेडिकल कॉलेज" के रूप में विकसित करने हेतु विशेष पैकेज की मांग की। इसमें स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग, रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रीन कैंपस और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं शामिल हैं। वहीं 24 घंटे कैंटीन, नए छात्रावास निर्माण और उच्च क्षमता वाले ऑडिटोरियम के निर्माण की भी मांग की गई। विधायक ने आग्रह किया कि इन सभी प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति दी जाए, जिससे विदिशा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो सके।

### सुपर-स्पेशियलिटी सेवाओं की मांग

विधायक ने न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी और यूरोलॉजी जैसे सुपर-स्पेशियलिटी विभागों की स्थापना पर जोर दिया। साथ ही केथ लैब, न्यूरो ऑपरेशन थिएटर और डायलिसिस यूनिट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि गंभीर



मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रेफरल को कम कर स्थानीय स्तर पर ही अधिकतम उपचार की व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे मरीजों को राहत मिल सके।

---

# सम्राट उत्सव 2026: विजेताओं को आज किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान (डिग्री) में आयोजित तीन दिवसीय सम्राट उत्सव-2026 उत्साह और उमंग के साथ जारी है। आयोजन के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अंतिम दिन बुधवार को सुबह 10 बजे मॉक पार्लियामेंट का आयोजन होगा। इसके साथ ही स्टूडेंट्स पार्किंग क्षेत्र में आर्ट, क्राफ्ट स्टॉल, गेम्स और फूड जोन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोपहर 1 बजे कैलाश सत्यार्थी हॉल में पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### कार्यक्रमों में दिखा हुनर

सोमवार को ओपन स्टेज पर लोक पोशाक, सोलो सिंगिंग, डांस और ड्रामा प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं मंगलवार को शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता में एक दरवाज़ा ने प्रथम, जर्सी ने द्वितीय और चॉइस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# लंबित आवेदनों की समीक्षा में कलेक्टर ने समय-सीमा में निराकरण व योजनाओं के क्रियान्वयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभा कक्ष में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की भी



समीक्षा की गई। कलेक्टर ने 19 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लंबित सीमांकन प्रकरणों को आगामी दो सप्ताह में निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को फसल लगे क्षेत्रों में स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। साथ ही किसानों की फार्मर आईडी शीघ्र बनाने पर भी जोर दिया, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी न हो। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत चना, मसूर और सरसों के पंजीयन कार्यों, उर्वरक वितरण, कृषि यंत्र योजनाओं एवं बैलर मशीन की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जियो टैगिंग और राशि वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### लापरवाही पर पटवारी सुरेश सिंह मीणा निलंबित

**विदिशा।** तहसील में पदस्थ पटवारी सुरेश सिंह मीणा को शासकीय कार्यों में लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के चलते एसडीएम क्षितिज शर्मा द्वारा निलंबित कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ग्वालियर में लंबित प्रकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज लेकर महाधिवक्ता से संपर्क करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन पटवारी ने न तो उपस्थिति दी और न ही सूचना दी। इससे समय पर शासन का जवाब प्रस्तुत नहीं हो सका। कारण बताओ नोटिस के बाद भी जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में मुख्यालय ग्रामीण तहसील कार्यालय निर्धारित किया गया है।

---

### नवजात शिशु सुरक्षा के लिए पुनर्जीवन कार्यशाला आयोजित

# हर बच्चे को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार: एमके जैन

**नवजात शिशुओं को असामयिक मृत्यु से बचाने के लिए पुनर्जीवन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

हर जन्मे बच्चे को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का जन्मसिद्ध अधिकार है, यह विचार डॉ. एमके जैन ने नवजात शिशु सुरक्षा की बेसिक पुनर्जीवन कार्यशाला में व्यक्त किए। यह कार्यशाला 24 मार्च को मेडिकल कॉलेज विदिशा के शिशु विभाग के सेमिनार हॉल में भारतीय बाल रोग अकादमी एवं शिशु विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में भोपाल एवं विदिशा के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के पीजी स्टूडेंट्स, नर्सिंग ऑफिसर्स सहित कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन विभागाध्यक्ष एवं प्रदेश की पूर्व आईएपी अध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल, डॉ. प्रियशा त्रिपाठी, डॉ. हेमंत यादव




और डॉ. सुरेंद्र रघुवंशी द्वारा किया गया। उन्होंने नवजात शिशुओं को असामयिक मृत्यु से बचाने के लिए आवश्यक पुनर्जीवन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। डॉ. एम. के. जैन ने बताया कि यह अभियान 2009 से देशभर में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य नवजात शिशुओं की जीवन रक्षा करना है। डॉ. नीति अग्रवाल ने जानकारी दी कि लगभग 90% नवजात शिशुओं को विशेष सहायता की आवश्यकता नहीं होती, जबकि 10% को जन्म के समय पुनर्जीवन सहायता की जरूरत पड़ती है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम ने गोल्डन मिनट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जन्म के एक मिनट के भीतर शिशु का सांस लेना शुरू करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया।

# मां कंकाली धाम में बिना मूर्ति के चरणचिह्नों की होती है पूजा

### 700 वर्ष पुराना मंदिर, परंपरा और विश्वास का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद तहसील से लगभग 12 किमी दूर ग्राम बीलखेड़ी में स्थित मां कंकाली का प्राचीन मंदिर अनूठी परंपरा और गहरी आस्था के लिए प्रसिद्ध है। करीब 700 वर्ष पुराने इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि यहां किसी देवी-देवता की मूर्ति स्थापित नहीं है, बल्कि माता के पवित्र चरणचिह्नों की ही पूजा-अर्चना की जाती है।

प्राचीन काल में यह मंदिर मिट्टी से बना देवालय था। यहां एक गादी पर माता के चरणचिह्न विराजमान हैं, जिन्हें भक्त श्रद्धा से पूजते हैं। मंदिर का इतिहास अगरा जागीर रियासत से जुड़ा है। मान्यता है कि राजा छत्रसाल सिंह परमार ने इसका निर्माण कराया था और उनकी वंश परंपरा आज भी यहां पूजा करती है।

कुशवाह समाज के भक्त लच्छू पण्डाजी को जंगल में माता के दर्शन हुए थे, जिसके बाद उन्होंने यहां चरणचिह्न स्थापित किए। मंदिर में अखंड ज्योति और 14 वर्षों से निरंतर रामायण पाठ आस्था का केंद्र है। चैत्र नवरात्र में यहां भव्य मेला लगता है, जहां हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5600
सरसों
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-7550
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5590
मसूर
न्यूनतम भाव-5265
उच्चतम भाव-7380
शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4001
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-3135
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-2280
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2630
उच्चतम भाव-3377
तुअर
न्यूनतम भाव-6900
उच्चतम भाव-6900
धनिया
न्यूनतम भाव-6830
उच्चतम भाव-9000
धान
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4060
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4480
मक्का
न्यूनतम भाव-1315
उच्चतम भाव-1600
मटर
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-4205

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 36335 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# कृष्णा मां ने उपजेल में कैदियों को दिए आध्यात्मिक प्रवचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृष्णा मां अपने शिष्यों के साथ उपजेल में बंद कैदियों के बीच पहुंच कर आध्यात्मिक प्रवचन के माध्यम से उन कैदियों से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा व्यक्तित्व कैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति जो कर्म करता है वह दुनिया देखती है। हर एक व्यक्ति अच्छा कर्म करता है तो उसका दुनिया पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और जब व्यक्ति खराब कर्म करता है तो दुनिया पर उसका खराब प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आपका एक कर्म व गलती होने से आपके माता-पिता, भाई बहन, पत्नी बच्चे और रिश्तेदार सभी दुःखी होते हैं। क्या आपने महसूस किया कि आपकी एक गलती से आपने कितने लोगों को दुखी किया है। इसीलिए कहा गया है कि अपने कर्म करते हुए, सोचे, समझे और इसके बाद करें। ताकि आपकी वजह से आपके परिवार को किसी तरह का दुख ना हो सके। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भगवान के बगीचे को सुंदर बनाता है उसे भगवान इनाम देता है और जो व्यक्ति भगवान के इस बगीचे को खराब करता है, उसे भगवान सजा देता है। इसलिए आगे से आप सभी यह प्रण लेकर जाएं और ऐसा कोई कार्य न करें। जिसकी वजह से पुनः यहां आपको आना पड़े। कृष्णा मां ने उपस्थित कैदियों से कहा कि मैं आपकी मां बन कर आई हूं और आपसे एक वादा लेना चाहती हूं। आप अपने दुख, कष्ट और समस्याएं मेरी झोली में डाल दो और मुझे वचन दो कि आगे से कभी ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे। जिसकी वजह से यहां आना पड़े। अंत में कृष्णा मां ने उपस्थित कैदियों को अपने हाथों से प्रसादी देकर आशीर्वाद दिया।

# त्योंदा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम हुए आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

मंगलवार को ग्राम पिपरिया जाफराबाद के आंगनवाड़ी केंद्र पर विद्यारंभ प्रमाण-पत्र ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी बच्चों को तिलक लगाकर कर स्वागत किया गया। रंगोली बनाई गई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शारदा लोधी द्वारा बच्चों को औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया गया, साथ ही बच्चों को नियमित शाला और पोषण के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें 5 वर्ष से 6 वर्ष आयु वाले सभी बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण- पत्र दिए गए। इस बीच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, एएनएम, आशा, स्कूल शिक्षक एनजीओ से सेवंती शर्मा और बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे। वहीं ग्राम बड़ी वीर त्योंदा के फर्स्ट, थर्ड, फोर्थ एवं भिलायं के आंगनबाड़ी केंद्र में 6 साल के बच्चों को प्रवेश पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी परितोष सोनकर, पर्यवेक्षक रितु शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अभिलाषा जोशी, आरती जोशी, नेहा राय, दुर्गा लोधी, रेखा वंशकार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### किसान सेवा सप्ताह और मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

# किसान सेवा सप्ताह के तहत मंडी में हुआ अन्नदाताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ये धरती हमारी मां है इसे हानिकारक रसायनों और केमिकल से बंजर ना करें बल्कि जैविक कृषि की ओर लौटे ताकि जमीन और इंसान दोनों बीमार होने से बच सके उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित हुए किसान सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित हो रहे किसान सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित हुए किसान सम्मान समारोह में उन सभी किसानों को सम्मानित किया गया, जो जैविक, प्राकृतिक औषधीय एवं उन्नत खेती के नवाचार कर रहे हैं। साथ ही प्रगतिशील पशुपालकों का भी सम्मान किया गया। किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कप्तान सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष अंजली यादव, अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश कटारे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, पार्षद नारायण सोनी, महेंद्र लोधी आदि मौजूद रहे। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कप्तान सिंह यादव ने बताया कि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन में किसान सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में एवं मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 21 उन्नत कृषकों को कृषि एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उन्नत कृषि के लाभ एवं शासकीय योजनाओं की जानकारियां दी गई। जिसमें कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ.वीके गर्ग, वैज्ञानिक नाहर सिंह खेड़कर एवं सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने किसानों को जानकारियां उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन ने किया एवं आभार मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने माना। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान व्यापारी एवं नागरिक मौजूद रहे।

### कृषि उपज मंडी में रहेगा 9 दिनों का अवकाश

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा कृषक बंधुओं को अवगत कराया है कि कृषि उपज मण्डी समिति में आगामी 9 दिन तक डाक नीलामी बंद रहेगी। जिसमें 26 मार्च गुरूवार को अष्टमी, 27 मार्च को रामनवमी, 28 मार्च को चौथा शनिवार, , 29 मार्च को रविवार, 30 मार्च सोमवार को मार्च क्लोजिंग, 31 मार्च को महावीर जंयती 1 अप्रैल को बैंक बंद होने, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती, 3 अप्रैल को गुडफाईडे के चलते अवकाश रहेगा।

# सेवा भारती ने किया कन्याओं का पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा भारती की नगर टोली ने वार्डों में संचालित संस्कार केंद्रों के माध्यम से आदित्य परिसर में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित कर कन्या भोज कराया। नवरात्रों में इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कन्या पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सेवा भारती के विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, जिला प्रमुख राजेश माथुर, पार्षद अंशलेखा भावसार, सचिव मयंक टांक, दिनेश कंचन, नगर प्रमुख सावन अग्रवाल, अरविन्द दुबे, माधव, राजा रघुवंशी, अनीता विनोद शाह, राजीव मिश्रा, रश्मि सहित संस्कार केंद्र के सभी प्रमुख मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### काली माता का किया विशेष श्रृंगार



**गंज बासौदा।** शनि शक्ति धाम परिसर में विराजित मां काली का श्रृंगार कर पंचम आचार्यो द्वारा काली कवच अनुष्ठान कराया गया। ज्ञात हो कि नवरात्रि के चलते अनुष्ठान दुर्गा बीज मंत्र का पाठ महाकाली कवच अनुष्ठान के साथ अखंड ज्योत जलाई जा रही है ज्वारे बोए गए हैं। इस अवसर दीपक तिवारी, आचार्य विकास आनंद ऐलिया,बृजमोहन शर्मा, राकेश तिवारी, चंदू महाराज, रोहित मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की बयान की निंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य, वरिष्ठ प्रचारक व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक डॉ. इन्द्रेश कुमार के विरुद्ध दिए गए बयान बिल्कुल गलत, तथ्य से परे व अपमानजनक है, उनके बयान में कोई सच्चाई नहीं है। जो बयान डॉ. इन्द्रेश कुमार के विरुद्ध कहे गए हैं, उसकी घोर निन्दा की जाती है। मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा देश की एकता और सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करने वाले किसी भी बयान को बर्दाश्त नहीं किया जाऐगा। कादरी के अनुसार, डॉ. इंद्रेश कुमार ने हमेशा विभिन्न धर्मो और वर्गों के बीच सद्भाव स्थापित करने का प्रयास किया है और उनकी सेवाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस अवसर जनता से अपील की कि वे ऐसे बयानों से प्रभावित न हों और अफवाहों पर विश्वास करने के बजाय वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। बयान की निंदा करने वालों में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के सैयद शोएब हुसैन, सैयद जुबेर हुसैन, भैयन मंसूरी, एडवोकेट असद नवेद, रहमान, इमरान खान, राजा खान, बशीर खान, बबलू मंसूरी, फिरोज कुरैशी, मुमताज खान, मोहसिन खान, राशिद खान, असलम खान, शरीफ भाई, इरफान खान शामिल हैं।

# निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 135 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर प्रति मंगलवार को नेत्र परीक्षण शिविर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान क्रे सहयोग से लगाया जाता है। इस दौरान डॉ. राजकरण वर्मा ने लगभग 135 से अधिक मरीजों क्रे नेत्रों का परीक्षण किया। इस अवसर पर जगदीश अग्रवाल, हेमंत भंडारी, सुरेंद्र भारद्वाज ने ट्रस्ट की सराहना करते हुए नेत्र रोगों से बचाव क्रे तरीके बतलाये। इस अवसर पर गणेश राम रघुवंशी ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान 26 मरीजों को मोतियाबिन्द के लिए चिन्हित किया गया, 19 मरीजों को निशुल्क चश्मे प्रदान किये गए, 35 मरीजों को दवाई वितरित की गई एवं 27 मरीजों क्रे चश्मा क्रे नम्बर निकाल कर दिए गए। वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया की उपरोक्त शिविर रवि उपाध्याय क्रे मार्गदर्शन में लगाए जाते हैं, आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए जाऐंगे।

# अवैध शराब के साथ एक आरोपी, टाटा टिगोर कार जब्त

**गंजबासौदा।** देहात थाना पुलिस ने मंगलवार को ग्राम गंज के पास घेराबंदी कर अवैध शराब पकड़ी। इस दौरान पुलिस ने एक नीले रंग की टाटा टिगोर कार MP04CX1480 से 7 पेटी देशी शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि पुलिस टीम ने अंबानगर की ओर से आ रही संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली। वाहन के अंदर से 7 पेटी लाल देशी मदिरा बरामद हुई, जिसमें कुल 350 क्वार्टर भरे थे। जब्त की गई शराब की बाजार कीमत लगभग 38,500 रुपए है, जिसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से अभि उर्फ हर्ष पिता दिनेश सेन निवासी मातापुरा को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, वहीं फरार दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने कार और शराब को मिलाकर कुल 6 लाख 38 हजार 500 रुपए की सामग्री जब्त की है। देहात थाना पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और शराब के स्त्रोत के संबंध में जांच कर रही है।

# नपा अमले ने हटाए अवैध होर्डिंग, पोस्टर

**गंजबासौदा।** मंगलवार को दोपहर के समय नगरपालिका अमले ने जय स्तंभ चौराहे के आसपास जमे अवैध होर्डिंग और पोस्टरों को हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान बिजली के खंभों और सरकारी जगहों पर लगे राजनीतिक, व्यापारिक और धार्मिक विज्ञापनों को उखाड़ फेंका गया। नगर पालिका के कर्मचारी पूरी तैयारी के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चौराहे पर पहुंचे और सफाई अभियान शुरू किया। नियम अनुसार सार्वजनिक जगहों और बिजली के खंभों पर इस तरह के विज्ञापन लगाना सख्त मना है। इसके बावजूद शहर के कई लोग अपनी दुकानों, राजनीतिक कार्यक्रमों या सामाजिक आयोजनों के पोस्टर और कटआउट धड़ल्ले से इन जगहों पर चिपका रहे थे।




### पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का हुआ समापन

# नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर में कार्यक्रम संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा रजत जयंती समारोह के समापन दिवस पर कृष्णा मां की रस मयी वाणी से आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव में कृष्णा मां ने अनेक कथाओं और दृष्टांगों के साथ कहा कि सूर्य भगवान को जल क्यों चढ़ाया जाता है और उसका क्या महत्व है। अनेक कथाओं के माध्यम से उन्होंने बताया और कहा कि संतान होने पर ही नारी पूर्ण मानी गई है। कथा में कहा कि दुर्वासा ऋषि ने माता कुंती को वरदान दिया था। माता कुंती के जन्म जीवन की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार की बात है माता कुंती ने युवा उम्र में बातों ही बातों में मंत्र से आव्हान कर सूर्य भगवान को बुला लिया। जब भगवान सूर्य ने बुलाने का कारण पूछा तो माता कुंती बोली की हमें नहीं मालूम था कि मंत्र में इतनी शक्ति होती है। सूर्य भगवान ने कहा की देवी आपने हमें बुलाया तो हम आपको क्या दें। माताओं को हमेशा पुत्र प्राप्ति की मंशा रहती है। सूर्य भगवान ने उन्हें वरदान स्वरुप पुत्र दिया। उस समय माता कुंती का विवाह नहीं हुआ था। माता कुंती ने पुत्र को नदी में बहा दिया बहता हुआ पुत्र अधिरथ को मिला। उन्होंने कहा कि जब-जब भी शब्द भेदी बाण का उपयोग किया गया तब तब उसके परिणाम अच्छे नहीं आए। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मौत इंसान से सब कुछ छीन लेती है। इंसान के जीवन में जब सब कुछ अच्छा रहता है तो काल को भी जलन होती है और वह विनाश करने लगता है। उन्होंने प्रकृति के बारे में बताया कि पानी में सब गुण होते हैं, पर वह भेदभाव नहीं करता। धरती में सब गुण है, पर घमंड नहीं करती। शास्त्रों में सब कुछ है पर झूठ नहीं है। और इंसान में सब कुछ है पर सब्र और सहनशीलता नहीं है। इसीलिए कहा गया है कि जो सहन करता है वह धरती पर होता है और जो सहन नहीं करता वह भोगता है। कथा के विश्राम पर राजपूत समाज द्वारा कृष्णा मां को तलवार भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर अनेक मातृशक्ति मौजूद रहीं।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मनाया प्रवेशोत्सव, बच्चों में दिखी खुशी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेशोत्सव समारोह अंतर्गत बाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 5 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये, बच्चों की माताओं ने अपने अनुभव बताए कि उनको अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने से क्या लाभ मिला है। कार्यकम में बाल चौपाल के अन्तर्गत बच्चों ने कविता,पेंटिंग,कहानी एवं गेम खेले। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने खीर, पूडी का भोजन किया। किशोरी बालिकाओं ने रंगोली बनाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को टॉफी बिस्किट दिये गए। इस दौरान बच्चों की माताएं, किशोरी बालिकाएं एवं आंगनवाड़ी स्टॉफ उपस्थित रहा। वहीं वार्ड नंबर 21 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला एवं बाल विकास विभाग का विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान 5 से 6 वर्ष के बच्चों ने डांस प्रतियोगिता, रंगोली, कविता आदि कार्यक्रमों में भाग लिया, इसके उपरांत बच्चों को विद्यारंभ का प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जागरूक करना ताकि उनका मनोबल बढे और उनके पालक भी अपने बच्चों का पालन पोषण सही तरीके से कर सकें। वहीं आंगनवाड़ी भवन ग्राम निवोदिया में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चे जिन्होंने अनौपचारिक शिक्षा पूर्ण की है, जिनमें अनेक बच्चों को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी गौर, मीना राजपूत द्वारा बच्चों को स्कूल बैग, पानी बॉटल, पेंसिल, बॉक्स दिए गए। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से राजीव कुमार, अमित रघुवंशी, रामवती नामदेव, मिथलेश कुशवाह, विशाखा राजपूत, मिश्री कुशवाह मौजूद थीं। वहीं ग्राम नसीदपुर आंगनवाड़ी केन्द्र पर बाल चौपाल के माध्यम से अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर कार्यकर्ता रंभा उपाध्याय, लक्ष्मी रघुवंशी, ममता मालवीय मौजूद रहीं।

### कैंसर, फेफड़ों और त्वचा संबंधी कई गंभीर बीमारियों के बने शिकार

# सिरोंज नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को गंभीर बीमारी, समुचित इलाज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका परिषद सिरोंज में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है।



जानकारी के अनुसार, वर्षों से सफाई कार्य करते हुए यहां के तीन कर्मचारी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो चुके हैं। इनमें से एक कर्मचारी की मृत्यु भी हो चुकी है, जबकि दो-तीन कर्मचारी वर्तमान में भी बीमारी की गंभीर अवस्था में होने के बावजूद काम करने को विवश हैं।

इस संबंध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत ने एसडीएम एवं सीएमओ से पीड़ित कर्मचारियों के समुचित और निःशुल्क इलाज की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो कर्मचारी वर्षों तक शहर की सफाई व्यवस्था को संभालते हैं, वही आज गंभीर बीमारियों से जूझते हुए उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। वही उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में कार्यरत सफाई कर्मचारी गटर की सफाई, भयानक गंदगी उठाने और सड़कों पर उड़ती धूल के बीच काम करते हैं, जिसके कारण वे कैंसर, फेफड़ों और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

#### कठिन परिस्थितियों में करते हैं काम

वही उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के स्पष्ट नियम हैं कि सफाई कर्मचारियों का हर माह स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा उनका इलाज शासकीय खर्चे पर किया जाए। लेकिन वास्तविकता यह है कि किसी भी नगर निगम या नगर पालिका में इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों का न तो नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता और न ही उन्हें शासन की ओर से उचित इलाज की सुविधा मिलती है। उन्होंने इसे एक गंभीर विडंबना बताते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी पूरी जिंदगी कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त वेतन मिल पाता है और न ही अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाते हैं।

परिणामस्वरूप वे अल्पायु में ही गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। इस मौके पर सिरोंज नगर पालिका का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि यहां एक कैंसर पीड़ित कर्मचारी की मृत्यु हो चुकी है, जबकि अन्य कर्मचारी आज भी बीमारी के बावजूद कार्य करने को मजबूर हैं और उन्हें समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए एडवोकेट सुभाष बोहत ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग एवं राज्य अनुसूचित जाति आयोग से मांग की है।

### वित्तीय बजट 2026-27 को लेकर नगर पालिका परिषद में बैठक



**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद द्वारा वित्तीय बजट 2026-2027 बैठक में अनुमानित आय 1946320228 एवं अनुमानित व्यय 1946318228 रहा। जिसमें शुद्ध लाभ 2000 रूपया रहा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 60 करोड रुपए की राशि बजट में प्रावधान किया गया है। नगर पालिका द्वारा विकास हेतु नागरिकों की मूलभूत सुविधा व शासन निर्णय अनुसार 5 वर्षों की कई योजना तैयार की गई जो कि इस बजट की प्रावधान द्वारा किया जा रहा है। नगर में वर्षा,जल,ड्रेनेज सिस्टम हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु बजट में 50 लाख रुपए का प्रावधान किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष बजट 2026-27 में प्रत्येक वार्ड में रोड निर्माण एवं नाली निर्माण हेतु एक करोड रुपए का भी प्रावधान किया गया है। शहर में पार्कों का निर्माण संधारण सौंदर्य करण हेतु 50 लाख रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

# पुलिस ने पानी की टंकी पर चढ़ी महिला को सकुशल नीचे उतारा

### समझाइश व मानवीय संवाद से जीती जंग, बचाई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



ग्राम बामोरीशाला में एक संवेदनशील घटना सामने आई, जहां एक महिला पानी की टंकी पर चढ़कर कूदने की धमकी दे रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

मौके पर महिला निदा पत्नी मेहबूब खां निवासी अयोध्याबस्ती थाना सिरोंज, हाल निवासी ग्राम गढ़ीपुरा बामोरीशाला, अपनी मां आरजू बी एवं परिजनों के साथ पानी की टंकी पर चढ़ी हुई थी। परिजन उसे समझाने का प्रयास कर रहे थे, किंतु वह नीचे उतरने को तैयार नहीं थी और लगातार कूदने की धमकी दे रही थी। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए स्वयं पानी की टंकी पर चढ़कर महिला से संवाद स्थापित किया। महिला ने बताया कि उसे उसके परिजन ससुराल जाने से रोक रहे हैं, जिससे वह मानसिक रूप से व्यथित है। पुलिस द्वारा अत्यंत धैर्य, समझाइश एवं भरोसा दिलाते हुए उसे आश्वस्त किया गया कि उसकी समस्या का समाधान कराया जाएगा और उसे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। लगातार समझाइश के बाद महिला शांत हुई और सुरक्षित नीचे उतरने के लिए तैयार हो गई। वही पुलिस टीम द्वारा महिला एवं उसके परिजनों को सुरक्षित पानी की टंकी से नीचे उतारा गया तथा महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। इस अवसर पर दीपनाखेडा थाना प्रभारी उनि प्रकाश भिलाला,प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर, प्रधान आरक्षक सुल्तान पटेल,आरक्षक देवेंद्र पीप्पल, आरक्षक अनिल कुशवाहा एवं महिला आरक्षक रश्मि चौहान की इस मानवीय एवं साहसिक कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रवेशोत्सवः 6 वर्ष के बच्चों का हुआ स्कूल में नामांकन, वितरित किए विद्यारंभ प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राजपुर सेक्टर पथरिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का विद्यालय में औपचारिक प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिससे उनके शैक्षणिक जीवन की शुरुआत को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक अनिमा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ें, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सके।



इस अवसर पर पूनम श्रीवास्तव ने भी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें तथा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर ध्यान दें। वहीं परियोजना अधिकारी ईमा वेला द्वारा भी माता-पिता को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाइश दी। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती विश्वकर्मा, मानबाई, ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया।

# महामाई महोत्सव में दर्शन करने के लिए उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नवरात्रि के पावन पर्व के साथ आयोजित महामाई मेला इन दिनों पूरे क्षेत्र में आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर है। महामाई मैया के दर्शनों एवं मेले का आनंद लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, वहीं शाम होते ही मेला परिसर रोशनी और भक्तिमय माहौल से जगमगा उठता है।

महामाई महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संस्कृति विभाग के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें देशभर के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार रात्रि को प्रसिद्ध कलाकार मोहित शेरवानी एवं उनकी टीम द्वारा ‍कृष्णायन‍ की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। यह कार्यक्रम देर शाम प्रारंभ होकर देर रात तक चलता रहा, जिसमें उपस्थित दर्शक भक्ति और कला के अद्भुत संगम में डूबे नजर आए, उल्लेखनीय है कि महोत्सव के दौरान इससे पूर्व भी विभिन्न प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा चुकी हैं, जिससे मेले का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है।

### रामलीला में राम वनवास, कृष्णलीला में पूतना वध

*महामाई महोत्सव में जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है, वहीं दूसरी ओर धार्मिक मंचनों का भी विशेष आकर्षण बना हुआ है। नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही दोपहर के समय कृष्णलीला एवं रात्रि में संगीतमय रामलीला का मंचन गौर कृष्ण लीला मंडल, कमवन व्यास श्री कृष्ण जी मुरारी के निर्देशन में किया जा रहा है। बीती रात्रि प्रस्तुत रामलीला में उस प्रसंग का सजीव मंचन किया गया, जिसमें माता कैकयी को देवासुर संग्राम के समय प्राप्त दो वरदानों के आधार पर वे भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को राज्य दिलाने की मांग करती हैं। इस मार्मिक दृश्य में राम के वनगमन तथा निषादराज के साथ उनके मिलन और आत्मीय आलिंगन को अत्यंत भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया। वहीं कृष्णलीला में कंस द्वारा वसुदेव-देवकी के सात पुत्रों का वध करने तथा आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का प्रसंग मंचित किया गया। वसुदेव द्वारा नवजात कृष्ण को यमुना पार कर गोकुल पहुंचाना और वहां से कन्या को लेकर लौटना तथा कंस के समक्ष उस कन्या का देवी रूप में प्रकट होकर भविष्यवाणी करनाकृइन दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात कंस द्वारा बालक कृष्ण की हत्या के प्रयास में पूतना को भेजने और पूतना वध का प्रभावशाली मंचन भी किया गया।*

### आगामी 27 को होंगे शतचंडी यज्ञ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाआरती

# नवरात्रि पर्व में वर्षों से हो रही मां काली की प्रतिमा स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



पिछले अनेक वर्षो से नगर के कोरी, ठाकुर मोहल्ला में शारदीय एवं चैत्र की नवरात्रि में माँ काली की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष चैत्र की नवरात्रि में विशेष कार्यक्रम में श्रीशत चण्डी यज्ञ, मूल पाठ, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। प्रतिदिन माँ काली के दर्शन करने देवी भक्तों की भीड़ लग रही है। और देवी भक्तिमयी माहौल बना हुआ है।

नवरात्रि समापन के बाद 28 मार्च शनिवार को जय महाकाल ग्रुप के द्वारा माँ काली की प्रतिमा के साथ भव्य विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। पिछले दिनों क्षेत्र के विधायक, प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल द्वारा माँ काली के दरबार में पहुंच कर पूजा अर्चना की गई। जय महाकाल समिति द्वारा राज्यमंत्री पटैल का आत्मीय स्वागत किया गया। 28 मार्च शनिवार को निकलने वाली शोभायात्रा में माँ काली से सम्बंधित भजन झांकियो का आकर्षण रहेगा।

## स्व. कवि पीडी खरे की स्मृति में आज दशहरा मैदान में होगी कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के हास्य बुंदेली कवि स्व. प्रभुदयाल खरे गज्जे भैया की स्मृति में दशहरा मैदान में म.प. साहित्य अकादमी के सहयोग से कवि सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। कवि सम्मेलन में सुमित मिश्रा ओरझा, पेंज पण्डित ललितपुर, डॉ. शंकर सहर्ष नरसिंहपुर, पंकज प्रसून माण्डव, हीरामणि वैष्णव कोरवा, संदीप द्विवेदी भोपाल, आकांक्षा द्विवेदी फतेहपुर, को आमंत्रित किया गया है।



आमंत्रित कवियों द्वारा आज 25 मार्च की रात्रि 8 बजे से नगर के दशहरा हॉकी मैदान में काव्य पाठ किया जाएगा। स्व. कवि पीडी खरे गज्जे भैया के पुत्र निखिल खरे, अखिल खरे ने सभी काव्य प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में कवि सम्मेलन में पहुंचने की अपील की है।

## पहाड़ी से आ रही थी तेज दुर्गंध, लोग हैरान, पहुंची पुलिस को मिला शव

**गढाकोटा।** पहाड़ी पर स्थित जंगल से बेहद तेज दुर्गन्ध आ रही थी। जब नजदीक जाकर देखा गया तो नज़ारा देखकर लोग हैरान रह गए। तत्काल ही इस बात की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। दरअसल यहां कुछ दिन पुरानी एक अज्ञात शख्स की डेड बॉडी मिली है। जिससे गांव में सनसनी फ़ैल गयी। मामला सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र से सामने आया है। पुलिस ने डेड बॉडी को उतारकर सामुदायिक अस्पताल भेजा। साथ ही मामले को जांच में लिया। बताया गया की डेड बॉडी तकरीबन 10 दिन पुरानी है। बताया जा रहा है की गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत मुर्गा गांव में उस समय सनसनी फ़ैल गयी जब गांव के पास की पहाड़ी पर अज्ञात व्यक्ति की डेड बॉडी मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से अज्ञात बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए गढाकोटा स्थित सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। फिलहाल यह मामला पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। क्योंकि अभी अज्ञात की शिनाख्त नहीं हो पाई है। फ़लिहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। मामले में थाना प्रभारी शिवम दुबे ने जानकारी दी और बताया कि ग्राम मुर्गा के कोटवार द्वारा जानकारी दी गई थी कि ग्राम की पहाड़ी पर पेड़ से फांसी पर लटका हुआ एक अज्ञात शव मिला है जिसकी तकदीस हेतु पुलिस टीम रवाना की गई शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की गई है शव की

### पुराने जल स्रोत पुनर्जीवित करें, जल है तो कल हैः कलेक्टर संदीपजी आर

**सागर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ रहली विकासखंड के ग्राम मुहली पहुंचे। जहां उन्होंने गांव की प्राचीन बावड़ी का अवलोकन किया। जल स्रोतों के संरक्षण व संवर्धन एंव उनके क्षमता विस्तार हेतु चलाएं जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के सुचारू और सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## एकीकृत बागवानी मिशनः फसलों की नवीन तकनीकी पर कार्यशाला प्रारंभ

**सागर।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला सागर द्वारा जिला पंचायत सभागार मे एकीकृत बागवानी मिशन अंतर्गत दो दिवसीय उद्यानिकी फसलों की नवीन तकनीकी, फ्रूट फॉरेस्ट्री, हाइड्रोपोनिक्स विषय पर कार्यशाला/ सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस कार्यशाला के उदघाट्न सत्र में मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यशाला को प्रारंभ किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अधिकारी आशीष त्रिपाठी ने बताया की हमें खेती, और फसलों के संरक्षण के लिए सूक्ष्म तकनीकी उपायों को भी उपयोग करना चाहिए। कृषि कार्य के साथ कृषि जागरूकता भी आवश्यक है। युवा जैविक कृषक आकाश चौरसिया ने बताया की बुंदेलखंड में पानी की काफी समस्या रही है।

# प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के नीरज बिदुआ जिला अध्यक्ष पद पर हुए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पवैया ने नगर के युवा अध्यक्ष नीरज बिदुआ को संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पत्रकारों के उत्थान उनकी समस्याओं के निराकरण, पत्रकार एवं समाज सेवी मित्रों के साथ मिलकर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की है। वर्तमान में नीरज बिदुआ दैनिक हिन्दुस्तान केशरिया के जिला व्यूरो प्रमुख के रूप में पत्रकारिता में सक्रिय बने हुए है। नीरज बिदुआ को अध्यक्ष बनाये जाने पर पत्रकारों में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# 22 अप्रैल को भगवान परशुराम का मनाया जाएगा प्रकटोत्सव

### ब्रम्हचारी की अध्यक्षता में बैठक समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में रविवार को संत महामण्डलेश्वर कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी महाराज की अध्यक्षता में ब्राम्हण समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक में सर्व ब्राम्हण सनातन धर्म सेवा समिति का गठन किया। समिति के तत्वाधान में आगामी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाने के साथ नगर में भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।



समिति का गठन किए जाने के साथ परशुराम जयन्ती की रूपरेखा पर विचार हुआ। 19 अप्रैल को मार्केटिंग सोसायटी प्रांगण में स्थित पिपंलेश्वर महादेव मंदिर में ब्राम्हण समाज के द्वारा विधि विधान से प्रगटोत्सव मनाने और 22 अप्रैल को निकाले जाने वाली शोभायात्रा के सम्बन्ध में चर्चा हुई। समिति का पं. प्रदीप द्विवेदी को अध्यक्ष, संजय शर्मा को उपाध्यक्ष के साथ कार्यकारणी सदस्य रामकुमार उपाध्याय, रवि दुवे, रेवाशंकर शर्मा, अनिल शर्मा, शिवांश दुवे, ओम प्रकाश चतुर्वेदी, दिनेश बबेले, केशव प्रसाद दुवे, सुनील शर्मा, योगेन्द्र तिवारी, अवनीश पालीवाल, मनमोहन शर्मा, मनीष पारीख, अजय शर्मा, अमरीश व्यास, ब्रजेश भार्गव, जेपी हरदेनिया, कमल किशोर शर्मा, कुलदीप द्विवेदी, प्रतीक द्विवेदी, रामकुमार भार्गव, अन्शुल भार्गव, नीरज बिदुआ एवं अन्यों को समिति सदस्य के रूप में सम्मिलित किया है। परशुराम जयंती भव्य स्तर पर मनाने में सभी ब्राम्हणों की सहभागिता की अपील की है।

# श्रीराम जन्म महोत्सव पर नगर में धूमधाम से निकलेगी शोभायात्रा

### रामलीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर से होगी प्रारंभ

**शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की झांकी, घोड़े, बैंड, डीजे भजन मंडलियों का विशेष आकर्षण रहेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

वर्तमान में चैत्र नवरात्रि महापर्व चल रहा है। हजारों देवी भक्त नर-नारी आदिशक्ति की भक्ति आराधना में लीन बने हुए है। 27 मार्च को अखंड ब्राम्हाड नायक भगवान श्रीराम की नगर में भव्य विशाल शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारियां शुरु हो गई है।

श्रीराम के भक्तों रघुवंशी समाज, रघुवंश रामायण मंडल, हिउस, हिन्दू संगठनों के सहयोग से 27 मार्च शुक्रवार को भगवान श्रीराम की शोभायात्रा राम लीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर से प्रारंभ होगी।



#### घर-घर दे रहे आमंत्रण

भगवान श्रीराम की भव्य विशाल शोभायात्रा में सम्मिलित होने युवाओं द्वारा घरों घर आमंत्रण दिया जा रहा है। नगर के श्रीराम दरबार मंदिरों में भी श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही है। राम नवमी पर रामलीला मैदान से शोभायात्रा प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर रामलीला मैदान पहुंचने पर समापन महाआरती और प्रसादी वितरण के सामुहिक कार्यक्रम सम्पन्न होगें। रविन्द्र रघुवंशी ने बताया की भगवान श्रीराम दरबार की झांकी, ध्वज पताकाओं के साथ घोड़े, बैंड, डीजे और भजन-कीर्तन मंडलीयों का विशेष आकर्षण रहेगा।

// ज़ाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आप श्री लक्ष्मी नारायण पटेरिया आयु वयस्क पुत्र श्री रामप्रकाश पटेरिया निवासी बंटीनगर विदिशासे उनके स्वामित्व व आधिपत्य का ग्राम तमोरिया प.ह.नं. 62 नया 04 तेहसील व जिला विदिशा वार्ड क्रमांक 33 अन्दर सीमा नगरपालिका स्थित आबासीय पक्का एक मंजिला मकान जिसकी साइज 15 वाय 40 फिट कुल एरिया 600 वर्गफीट यानी 55.76 वर्गमीटर व जिसकी चतुसीर्माये पूर्व मे किरार साहब का मकान, पश्चिम में 25 फिट का रोड मय नाली, उत्तर मे - कृष्णा बाई कुशवाह का भूखंड , दक्षिण में- मालवीय जी का भूखंड है, को क्रय करने का अनुबंध कर लिया है यदि उक्त मकान के वावत किसी भी व्यक्ति, संस्था, राष्ट्रीकृत बैंक, अर्ध्यशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था को किसी प्रकार किसी भी प्रकार की स्वामित्व संबधी आपत्ति हो या उक्त भूमि पर कोई ऋण भार बकाया हो तो वह इस प्रकाशन के 3 दिन के अंदर अपनी लेखी दस्तावेजी सबूत सहित मेरे कार्यालय में कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है अन्यथा समयावधि गुजरने पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जावेगी और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा ।
अतएव सूचित हों।

भवदीय एल.एन. भावसार एडवोकेट
बंटीनगर सागर पुलिया, विदिशा
मो.9425463192

// ज़ाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूप सिहं आदिवासी एंव श्रीमति रति बाई आदिवासी निवासी- ग्राम डाबर बासौदा तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा के स्वामित्व व आधिपत्य का एक आवासीय मकान नं 29 (P), ग्राम डाबर रोड से अन्दर प.ह.न. 63 तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 1151.32 वर्गफिट है। सर्वे नं.222 (B) एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में :-प्लाट नं.36 अब्दुल रफीक का घर, पश्चिम में :- प्लाट नं.28 शान्ति आदिवासी उसके वाद सोनू आदिवासी का मकान, उत्तर में सरकारी भूमि उसके बाद गजेन्द्र रघुवंशी का जमीन एवं दक्षिण में :- रोड और प्लाट नं. 31 अन्नू आदिवासी है। दिनांक 17/03/2026 ई रजि. नं MP42IGR1886 2026A100310038 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान को श्री रूप सिहं आदिवासी एंव श्रीमति रति बाई आदिवासी इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखकर लोन ले रहे है। जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्यालय - मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न. 9300265996

### जिम्मेदारों ने जीएसटी की राशि ही नहीं कराई जमा, गड़बड़झाले के आसार

# ग्राम पंचायतों का जीएसटी खेल, कागजों में रिटर्न, हकीकत में है खाली खजाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है। यहां जीएसटी रिटर्न तो कागजों में नियमित रूप से दाखिल दिखाए जा रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि संबंधित राशि शासन के खाते में जमा ही जमा नहीं हो रही। वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 से जुड़े इस पूरे मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। और ग्राम पंचायतों के कामकाज पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के मुताबिक कई ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य, सामग्री खरीदी और अन्य विकास कार्यों के नाम पर जीएसटी बिलों का भुगतान दर्शाया गया है। दस्तावेजों में रिटर्न फाइल होना भी दर्ज है। लेकिन जब विभागीय स्तर पर मिलान किया गया तो सामने आया कि बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों द्वारा जीएसटी की राशि वास्तव में जमा ही नहीं की गई। इससे शासन प्रशासन को राजस्व का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पंचायतों के सरपंच और सचिवों के पास इस संबंध में कोई स्पष्ट और अपडेटेड डेटा उपलब्ध नहीं है। कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारी यह तक नहीं बता पा रहे कि किस कार्य पर कितना जीएसटी लगा और कितना जमा किया गया। इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि कहीं जानबूझकर वित्तीय गड़बड़ी तो नहीं की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचायतों में ठेकेदारों और सप्लायर्स के माध्यम से कराए गए कार्यों में जीएसटी बिलों की गणना तो दिखाई गई। लेकिन भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। कुछ मामलों में फर्जी बिल और अपूर्ण दस्तावेजों के सहारे पूरा लेखा-जोखा तैयार कर लिया गया। इससे यह पूरा मामला फिलहाल अब जांच के घेरे में आ गया है।




#### पंचायतवार खंगाल रहे रिकॉर्ड

जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने इस गड़बड़ी को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। पंचायतवार रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं और जिन पंचायतों में अनियमितता के संकेत मिले हैं, वहां विस्तृत जांच की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित सरपंच, सचिव और अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। वित्त विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी बिलों जैसे महत्वपूर्ण कर में इस तरह की लापरवाही न केवल शासन के राजस्व को प्रभावित करती है। बल्कि पूरी वित्तीय प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है। ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार की अनियमितता यह दर्शाती है कि निगरानी तंत्र में कमी रह गई है।

#### प्राइवेट फर्म के जरिए जीएसटी रिटर्न दाखिल कराया जा रहा

ग्राम पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यों और उसके लिए होने वाले भुगतान के बाद लगने वाले जीएसटी का हर महीने रिटर्न दाखिल करना है। वैसे तो यह काम ग्राम पंचायत की कर्मचारियों को करना है। लेकिन इसके लिए प्राइवेट फर्म के जरिए जीएसटी रिटर्न दाखिल कराया जा रहा है। यह तो हुई नियमों की बात लेकिन रिटर्न फाइल के नाम पर निकाले जाने वाली राशि जमा नहीं की जा रही है। जनपद पंचायत सांची, गैरतगंज, बाड़ी, बरेली ओबेदुल्लागंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में इसी तरह का खेल चल रहा है।

#### जांच के बाद उजागर होगा वित्तीय घोटाला

ग्रामीणों के बीच भी इस मामले को लेकर असंतोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर खर्च दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीन पर उतना काम नजर नहीं आता। अब जब जीएसटी में गड़बड़ी का मामला सामने आया है, तो लोगों को पूरे खर्च पर ही संदेह होने लगा है। फिलहाल, जिला प्रशासन जिला पंचायत की जांच के बाद ही पूरे मामले की असल तस्वीर साफ हो पाएगी। लेकिन इतना तय है कि यदि आरोप सही साबित होते हैं तो जिले की कई पंचायतों में बड़ा वित्तीय घोटाला उजागर हो सकता है।

#### रिटर्न फाइल करना अनिवार्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय प्रदर्शित के उद्देश्य से जीएसटी रजिस्ट्रेशन और नियमित रिटर्न फाइल करना अनिवार्य है लेकिन यहां पर एक प्राइवेट फर्मों में टीडीएस रिटर्न और जीएसटी के नाम पर ग्राम पंचायत में उसका राशि वसूली है। लेकिन उसका भुगतान नहीं किया गया है। यानि ग्राम पंचायतों के अनुसार जीएसटी रिटर्न की राशि दी गई है। लेकिन वह जमा नहीं की गई है। इसे सिर्फ कागजों में ही दर्शाया गया है। वहीं वित्तीय मानदेय में लापरवाही को लेकर ग्राम पंचायत के कर्मचारियों पर भी अब सवाल खड़े हो रहे हैं। यह मामला वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 का बताया जा रहा है, जहां कई महीनों का जीएसटी रिटर्न की राशि लेने के बाद जमा नहीं की गई है। या फिर कुछ ग्राम पंचायत में 24 माह की जीएसटी रिटर्न की राशि लेने के बाद एक महीने की राशि जमा की गई है। जबकि शेष राशि का हिसाब नहीं मिल रहा है। अब इस मामले में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायतों के अधिकारियों को अब यह शिकायते की जा रही हैं। जिसमें जीएसटी रिटर्न फाइल के नाम पर बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला सामने आया

बताया जा रहा है कि इस मामले की जानकारी जनपद स्तर जिला पंचायत के संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी इस बड़े घोटाले को दबाने की कोशिश की जा रही है। वहीं अब ग्राम पंचायतों में भी अब दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया है। पता चला है कि इस रिकॉर्ड को अपडेट भी किया जा रहा है।

#### इनका कहना है

लेखा जांच अधिकारियों की टीम नियुक्त कर इस हेराफेरी की जांच कराई जाएगी। दोषियों को इस गड़बड़ी में बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

**- कमल सोलंकी,** जिपं सीईओ रायसेन

## रानी दुर्गावती एसटी बालिका छात्रावास का होगा निर्माण

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन हुआ संपन्न



**करीब 7.30 करोड़ की लगात से बनेगा आवासीय छात्रावास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित गोपालपुर में रानी दुर्गावती अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मंगलवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नवीन बालिका छात्रावास भवन निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन किया।

समारोह में प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश माहेश्वरी, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता, भाऊराव देवरस सेवा न्यास के सचिव हरीश शर्मा, स्वामी रामकृष्ण परमहंस शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जनजाति क्षेत्र के प्रांत प्रमुख रूप सिंह लोहाने सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा भोपाल विभाग के विभाग समन्वयक अंकित शुक्ला, रायसेन जिले के आरएसएस जिला प्रचारक योगेश गुर्जर, जनजाति क्षेत्र के जिला प्रमुख लखन विश्वकर्मा, समिति सदस्य श्रीमती रेखा बघेल, रामलीला मैदान के प्राचार्य चंद्रेश खरेलिया, आर्किटेक्ट राकेश शर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा लोधी, छात्रावास की प्राचार्या श्रीमती कांति मिश्रा सहित आचार्य परिवार, छात्रावास परिवार और बड़ी संख्या में समाजजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रों के साथ सम्पन्न हुआ, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे छात्रावास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में समिति सचिव सुरेन्द्र राय ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। नए छात्रावास के निर्माण से क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा।

## रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश, मृतक की पड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास मुस्काबाद गांव के फाटक के समीप रेलवे ट्रैक पर एक एक व्यक्ति की डेड बॉडी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, दीवानगंज स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि खंभा क्रमांक 862 के 15 से 17 के बीच ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है। रात में व्यक्ति किसी ट्रेन से गिर गया होगा सुबह सूचना मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दीवानगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि मृतक के पास से एक बैग मिला है, जिसमें रखा आधार कार्ड किसी अन्य व्यक्ति का है। वहीं उसके पास से ग्वालियर से वारंगल तक का ट्रेन टिकट भी मिला है। व्यक्ति की देर रात ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है। अज्ञात सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम रवि पिता वसुदेव निवासी इटावा उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है। सही जानकारी उसके परिजन आने के बाद ही पता चल सकेगा। शव को रायसेन जिला अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया है। परिजनों के आने के बाद ही उसकी शिनाख्त हो पाएगी और घटना के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम मर्चुरी रूम की सुविधा नहीं होने के कारण मृतक के परिजनों को 25 किलोमीटर दूर सांची या 31 किलोमीटर दूर रायसेन जाना पड़ता है।

## थाना परिसर में नवरात्रि पर कन्या भोज का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

चैत्र नवरात्रि में सिलवानी थाना परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का प्रेरणादायक संगम देखने को मिला। पुलिस प्रशासन द्वारा यहां कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए विधि-विधान के साथ पूजन किया गया और उन्हें पूरे सम्मान के साथ भोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार, दुर्गा पूजा और आरती के साथ हुई, जिससे पूरा थाना परिसर भक्तिमय माहौल में रंग गया। थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ ने अत्यंत श्रद्धा भाव से कन्याओं के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों ने नारी शक्ति के महत्व को स्वीकार करते हुए समाज में महिला सम्मान और समानता का संदेश दिया।



कन्याओं को विविध प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए, जिनमें पारंपरिक भोजन विशेष रूप से शामिल रहा। भोजन के उपरांत उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और संतोष झलकता दिखाई दिया। इस दौरान स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## गर्मी में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने प्याऊ का किया शुभारंभ

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनसेवा व जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

बढ़ती गर्मी और जल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम बीकलपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस जनहितकारी पहल का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी ने किया। प्याऊ से भीषण गर्मी के दौरान राहगीरों और ग्रामीणों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

इस अवसर पर डिप्टी रेंजर जगदीश सिंह, हनुमत रघुवंशी, मुन्ना आदिवासी, पीयूष जैन, सुमित रघुवंशी और निरंजन सहरिया सहित वन विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।



कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य केवल पेयजल उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि लोगों को पानी के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। गर्मी के मौसम में इस प्रकार के प्याऊ का संचालन मानव सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

### पन्नी बीनने वाली सात महिलाओं सहित एक ऑटो ड्राइवर ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम

## बंद पड़ी सूर्या फैक्ट्री से पुराना स्क्रैप चोरी करते 8 चोर किए गिरफ्तार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

कस्बे में बंद पड़ी सूर्या फैक्ट्री से पुराना स्क्रैप एल्युमिनियम और लोहे की टीन चोरी कर ऑटो से लेकर भाग रही महिलाओं को स्थानीय रहवासियों की मदद से सलामतपुर पुलिस ने पीछा कर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उन्हें कस्बे के राकेश राजपूत और भानू मालवीय ने जानकारी दी कि कुछ पन्नी बीनने वाली महिलाएं एक लोडिंग ऑटो में बंद पड़ी हुई सूर्या फैक्ट्री से पुराना स्क्रैप चोरी कर के भोपाल रोड तरह भागी हैं।

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी ने तत्काल टीम बनाई जिसमें एएसआई रमेश रैकवार, एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक सुरेश बघेल, संजय चौहान, हेत सिंह मीणा, नितिन जामलिया, आरक्षक रंजीत धाकड़, रोहित गोस्वामी और महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी को शामिल कर आरोपियों का पीछा किया। पुलिस ने कचनारिया गांव के पास से ऑटो रोक लिया। तलाशी लेने पर लोडिंग ऑटो एमपी04 एलडी 7941 से चोरी का पुराना स्क्रैप जिसमें एल्युमिनियम और लोहे की टीम बरामद कर ली। पुलिस ने फरियादी सूर्या फैक्ट्री गार्ड विजय कुशवाहा पिता बद्रीनारायण कुशवाह की रिपोर्ट पर 8 चोरों जिसमें 7 महिलाएं रक्षा नाथ, काजल गिरी, करीना गिरी, देवकी, भारती, मोनिका गिरी, अनिता बाई गिरी, और ऑटो ड्राइवर राजदीप कोली सभी निवासी गोसाईं मोहल्ला दीवानगंज को गिरफ्तार कर धारा 331(2), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर मंगलवार को रायसेन न्यायालय में पेश किया है।

**चोरी का स्क्रैप और ऑटो बरामद, सभी आरोपियों को कोर्ट में किया पेश**



#### बंद पड़ी सूर्या फैक्ट्री से चोरी हो चुका है लाखों रुपए का स्क्रैप

लगभग 20 साल पहले बंद हुई सूर्या फैक्ट्री के शुरुवाती समय में सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्रों में हज़ारों लोगों को रोजगार मिला था। लेकिन 20 साल पहले बंद हुई फैक्ट्री ने हजारों लोगों को बेरोजगार कर दिया। बंद हुई फैक्ट्री में करोड़ों रुपये कीमत की मशीनें बड़ी बड़ी मोटरें और कीमती मशीनरी अभी भी लगी हुई है। जिसे मिलीभगत से धीरे धीरे निकालकर स्क्रैप में बेचा जा रहा है। बताया जा रहा है कि अभी तक लाखों रुपये कीमत का पुराना स्क्रैप यहां से ट्रकों में भरकर भोपाल कबाड़खाने में बेच दिया गया है। अभी भी फैक्ट्री के अंदर कीमती स्क्रैप भरा पड़ा है। यहां पर गार्ड की ड्यूटी लगने के बाद भी चोरी की घटनाएं कम ना होना चिंता और जांच का विषय है।

इस संबंध में सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि सूर्या फैक्ट्री से पुराना स्क्रैप चोरी कर लोडिंग ऑटो में बेचने ले जा रही 7 महिला चोरों सहित ऑटो ड्राइवर को चोरी के माल के साथ स्थानीय रहवासियों की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। 8 चोरों पर मामला दर्ज कर मंगलवार को रायसेन न्यायालय में पेश किया है।

### विधायक डॉ चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला अस्पताल में संपन्न हुआ कार्यक्रम

# विश्व क्षय दिवस पर जिले में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर रायसेन में जिला अस्पताल में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिले में "टीबी मुक्त भारत अभियान 2026" शुभारंभ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले में 375 हाई रिस्क ग्रामों में टीबी उन्मूलन के लिए नई रणनीतियों को लागू करने की घोषणा की गई, जिनका उद्देश्य टीबी की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार एवं मृत्यु दर में और कमी लाना है।

कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि सभी को मिलकर रायसेन जिले को टीबी मुक्त बनाना है। कई बार जानकारी के अभाव में टीबी बीमारी जानलेवा हो जाती है। इसके लक्षण और उपचार के प्रति जन जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा टीबी मुक्त भारत बनाने राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। टीबी के मरीज को नियमित रूप से 6 महीने तक दवाएं लेना जरूरी है। अब टीबी मरीजों की पहचान बहुत आसान हो गई है।




सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने बताया कि इस वर्ष अभियान के अंतर्गत टीबी नियंत्रण की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। सौ दिवसीय प्रथम फेस में 375 हाई रिस्क ग्रामों में लक्षण आधारित जांच के बजाय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त एक्सरे मशीन से स्क्रीनिंग पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों एवं समुदाय स्तर पर हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से स्क्रीनिंग की जाएगी, जिससे संदिग्ध मरीजों की पहचान तेजी से होगी।

#### 100 दिवसीय अभियान में एआई तकनीक से होगी सटीक स्वास्थ्य की जांच

जिला क्षय अधिकारी डॉ यशपाल बाल्यान ने जानकारी दी कि जांच प्रणाली को और सशक्त बनाने के लिए एआई आधारित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इससे टीबी की पुष्टि अधिक सटीक एवं शीघ्र हो सकेगी। इस 100 दिवसीय अभियान के तहत सभी आरोग्य केंद्रों पर टीबी जांच के साथ-साथ मरीजों की समग्र स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी, जिसमें बीएमआई, एनीमिया, रक्तचाप (बीपी) तथा ब्लड शुगर की जांच शामिल है। इससे कुपोषण एवं सह-रुग्णताओं की पहचान कर उपचार को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। कार्यकम में लूपिन संस्था द्वारा सलामतपुर के लिए नाट मशीन डोनेट की गई एवं 300 टीबी मरीजों को संस्था द्वारा निश्चय मित्र बनकर एडॉप्ट किया गया।

#### 2025 में जिले में टीबी मृत्यु दर 1.5 प्रति लाख रही

जिले ने वर्ष 2025 में टीबी नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में टीबी मृत्यु दर 1.5 प्रति लाख रही, जो कि राज्य के औसत 2.7 प्रति लाख से कम है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग, फील्ड स्टाफ एवं सामुदायिक सहयोग के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। जिले में 297912 वालनरेबल समूह की टीबी के लिए स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 101961 की एक्सरे से स्क्रीनिंग की गई एवं 18882 की नाट जांच की गई। स्क्रीनिंग के बाद 2416 में टीबी मरीज मिलने पर इलाज शुरू किया। इन सभी को 16383 पोषण सामग्री का वितरण निश्चय मित्र के माध्यम से किया गया। समय पर चिकित्सक सलाह एवं सामाजिक सहयोग से 97 प्रतिशत मरीजों का उपचार पूर्ण किया गया। वर्तमान में 1407 टीबी मरीज उपचार ले रहे हैं।

### खेड़ापति हनुमान मंदिर में चल रही रामकथा

## माता अनुसूईया प्रसंग ने किया श्रद्धालुजनो को भाव-विभोर

दीवानगंज

खेड़ापति हनुमान माता मंदिर में चल रही भव्य रामकथा के पांचवें दिन कथा पंडाल में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथावाचक पं चंद्र मोहन तिवारी ने माता अनुसूया के पावन प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के दौरान उन्होंने बताया कि माता अनुसूया ने अपने पतिव्रत धर्म और तपस्या की शक्ति से त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु और महेश को बाल रूप में परिवर्तित कर दिया और उन्हें पालने में झुलाया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

पंडित तिवारी ने कहा कि माता अनुसूया का यह प्रसंग नारी शक्ति, त्याग, तपस्या और सच्चे धर्म की महानता को दर्शाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में मर्यादा, सेवा और भक्ति को अपनाने का संदेश भी दिया।




रामकथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया। चैत्र नवरात्रि के पहले ही दिन से खेड़ापति माता हनुमान मंदिर दीवानगंज पर राम कथा का आयोजन हो रहा है। कथा सुनने के लिए गांव की महिलाएं सहित कई भक्तगण पहुंच रहे हैं।